**श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–14.01.2026 (बुधवार) को अपराह्न 02:30 बजे से खेल अवसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
3. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्रीमती नुपूर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
6. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल निदेशालय।
7. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल निदेशालय।
8. जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक,शा0शि0 (VC के माध्यम से) बिहार।

कार्यवाही

सर्वप्रथम सचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया तदोपरान्त खेल क्लब के गठन, पंचायत स्तरीय खेल मैदान, प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम, प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना निर्माण एवं जिला स्तरीय खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई।

सभी उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0शि0 द्वारा अद्यतन विस्तृत जानकारी दी गई तथा कतिपय समस्याओं से सचिव महोदय को अवगत कराया गया। तदोपरान्त सचिव द्वारा बिन्दुवार निदेश दिये गये जो निम्नवत हैः–

**I खेल क्लब के गठन**

राज्य के सभी जिलों में पंचायतों में खेल क्लब के गठन हेतु पूर्व में चुनाव कराया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है–

| कुल ग्राम पंचायतों की सं0 | अध्यक्ष पद हेतु चुनाव संपन्न ग्राम पंचायतों की सं0 | ग्राम पंचायत का नाम जहाँ अध्यक्ष पद हेतु चुनाव | सचिव पद हेतु चुनाव संपन्न ग्राम पंचायतों की सं0 | ग्राम पंचायत का नाम जहाँ सचिव पद हेतु चुनाव किया जाना शेष है | कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनाव संपन्न ग्राम पंचायतों की संख्या | ग्राम पंचायत का नाम जहाँ कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनाव किया जाना शेष है |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | किया जाना शेष है | | | | |
| 8053 | 8053 | 0 | 8027 | 26 | 8013 | 40 |

जिस ग्राम पंचायतों/नगर पंचायतों में अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष का पद पर चुनाव हो गया है। इसके संबंध में सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0, बिहार को निदेश दिया गया कि खेल क्लब नियमानुकूल कार्यरत करने हेतु पदधारकों के साथ प्रखंडवार/अनुमंडलवार/जिलावार विचार–विमर्श कर अपना सुझाव अगली बैठक में देंगे तथा इस संबंध में सभी जिला खेल पदाधिकारी को पत्र भेजा जाय।

सुपौल, शेखपुरा एवं मधेपुरा आदि अन्य जिलों में खेल क्लब के गठन हेतु ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पाया है। उन जिलों में दिनांक–17.01.2026 तक बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के माध्यम से पोर्टल खोलकर आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया है। साथ ही दिनांक–17.01.2026 तक सभी संबंधित जिलों को चुनाव कराकर अंतिम प्रतिवेदन भेजने का निदेश दिया गया।

II **MIS Module (App)** – पंचायत/प्रखंड/जिला/प्रमंडल स्तरीय एवं अन्य निर्मित/निर्माणाधीन खेल अवसंरचनाओं की विवरणी फोटो सहित विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 बिहार को निदेशित किया गया है। अबतक 6012 खेल अवसंरचनाओं का विवरण जिलों द्वारा विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

समीक्षा के क्रम में पूर्ण/स्वीकृत/निर्माणाधीन एवं खेलो इंडिया योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार की योजना का पूर्ण विवरण एवं **अद्यतन फोटोग्राफ** भी **प्रत्येक सप्ताह** अपलोड किये जाने का निदेश सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 बिहार को दिया गया। **MIS Module** में कुछ तकनीकी खामियाँ हैं, जिसके निराकरण हेतु एजेंसी के पदाधिकारी को अगली बैठक में उपस्थित रहने तथा सप्ताहिक प्रगति का भी उल्लेख पी0पी0टी0 में करने हेतु निदेश दिया गया।

III आवंटन– सभी जिला खेल कार्यालयों द्वारा आवंटन संबंधी अधियाचित राशि अविलम्ब सभी जिला खेल कार्यालयों को उपलब्ध कराने का निदेश सचिव महोदय द्वारा प्रशाखा–02 को दिया गया।

## IV मल्टी/ओपेन जिम एवं खेल उपकरण

वित्तीय वर्ष 2025–26 में खेल एवं जिम उपकरण मद में कुल रु0 10.00 करोड़ रुपये बजट में प्रावधानित है। 25 जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में कुल रु0 9,97,94,860.00/– राशि मात्र की स्वीकृति दी जा चुकी है। उक्त जिलों के जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0 शि0 को वित्तीय नियमावली का अनुपालन करते हुए जिम उपकरण अधिष्ठापित करने का निदेश दिया गया है।

जिन जिलों द्वारा मल्टी/ओपेन जिम एवं खेल उपकरण अधिष्ठापित किया जा चुका है, उन्हें निदेश दिया गया कि उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र एवं फोटो सहित अविलम्ब भेजना सुनिश्चित करेंगे।

जिन जिलों में अभी तक मल्टी/ओपेन जिम का अधिष्ठापन नहीं हुआ है, उन जिलों के जिला पदाधिकारियों को अविलम्ब अधिष्ठापित करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया। दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में जिम उपकरणों को अधिष्ठापन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

**ओपेन जिम/मल्टी जिम एवं खेल उपकरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में राशि की स्वीकृति की विस्तृत विवरणीः–**

ओपेन जिम/मल्टी जिम एवं खेल उपकरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में राशि की स्वीकृति।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ओपेन जिम/मल्टी जिम एवं खेल उपकरण मद में राशि की स्वीकृति :–

| क्र0 | जिला का नाम | स्वीकृत्यादेश सं0 | विषय | राशि | टेंडर की स्थिति | अधिष्ठापन की स्थिति | राशि निकासी की स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | प्राप्त। |
| 2 | पटना | 449, दि0–29.08.2025 | 1. दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में 1 मल्टी जिम एवं 1 ओपन जिम हेतु।<br>2. नियोजन भवन परिसर में 1 मल्टी जिम हेतु। | 35,00,000.00 | – | – | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक–19.01.2026 तक अधिष्ठापन हो जायेगा। |

(307)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | लखीसराय | 365, दि0–03.07.2025 | मल्टी जिम एवं खेल उपकरण हेतु। | 10,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | निकासी कर ली गयी है। | प्राप्त। |
| | लखीसराय | 453, दि0–03.09.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि 07 दिन में अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| 4 | सुपौल | 370, दि0–03.07.2025 | 02 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक–20.01.2026 तक अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| | सुपौल | 450, दि0–29.08.2025 | 02 स्थलों पर मल्टी जिम तथा 01 स्थल पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक–25.01.2026 तक अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| 5 | बक्सर | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 6,94,860.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त |
| | बक्सर | 481, दि0–18.09.2025 | 04 स्थल हेतु ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु । | 28,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि जनवरी माह के चौथे सप्ताह तक अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| 6 | पूर्णिया | 454, दि0–03.09.2025 | 01 स्थल हेतु मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु । | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | – |
| | पूर्णिया | 535, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | निविदा 15.01.2026 | – | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक–15.02.2026 तक अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| 7 | खगड़िया | 378, दि0–08.07.2025 | 01 ओपेन जिम एवं खेल उपस्कर/सामग्री हेतु। | 19,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | हो चुका है। | प्राप्त। (राशि 17.042 प्रत्यर्पित) |
| | खगड़िया | 479, दि0–18.09.2025 | 02 स्थल पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु । | 14,00,000.00 | हो चुका है। | – | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि एक सप्ताह में अधिष्ठापन हो जायेगा। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पश्चिम चम्पारण | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। निविदा की तिथि 02.01.2026 | – | – | |
| 9 | नवादा | 438, दि0–21.08.2025 | 10 स्थलो पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु | 70,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | संचिका उपस्थापित। | |
| 10 | बेगूसराय | 369, दि0–03.07.2025 | जिला अतिथि गृह परिसर में 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र भेजा गया है। |
| | बेगूसराय | 544, दि0–25.11.2025 | 01 मल्टी जिम एवं 04 ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 42,00,000.00 | हो चुका है। | 15.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि सिंगल बिड होने के कारण पुनर्निविदा करना पड़ेगा। |
| 11 | भोजपुर | 363, दि0–03.07.2025 | 02 मल्टी जिम एवं 02 ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 42,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र भेजा गया है। |
| 12 | रोहतास | 289, दि0–26.05.2025 | 01 ओपेन जिम एवं 02 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | दो जगह अधिष्ठापित हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | |
| | रोहतास | 551, दि0–01.12.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | – | – | – | – |
| 13 | सिवान | 313, दि0–09.06.2025 | 02 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 28,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | अधिष्ठापित हो चुका है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
| 14 | समस्तीपुर | 364, दि0–03.07.2025 | 04 ओपेन जिम, मल्टी जिम मरम्मति एवं बैडमिंटन मैट हेतु। | 38,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
| 15 | जहानाबाद | 368, दि0–03.07.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | – |
| 16 | भागलपुर | 377, दि0–08.07.2025 | 12 विभिन्न स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 84,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित | प्रक्रियाधीन | अप्राप्त |
| 17 | शिवहर | 445, दि0–28.08.2025 | 01 स्थल ओपन जिम के अधिष्ठापन तथा खेल भवन–सह–व्यायामशाला में खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु | 7,00,000.00 | हो चुका है। | हो चुका है। | हो चुका है। | अप्राप्त |
| 18 | जमूई | 455, दि0–03.09.2025 | 03 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु । | 21,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि एक सप्ताह में |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| | जमूई | 575, दि0–15.12.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु । | 28,00,000.00 | हो चुका है। | 21.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | |
| 19 | शेखपुरा | 480, दि0–18.09.2025 | 03 स्थलों पर ओपन जिम, 01 स्थल पर मल्टी जिम अधिष्ठापन एवं खेल उपरकण के क्रय हेतु । | 35,00,000.00 | प्रक्रियाधीन | 28.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | उपयोगिता प्रमाण–पत्र हेतु संचिका उपस्थापित। |
| 20 | बांका | 530, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 35,00,000.00 | प्रक्रियाधीन | – | – | – |
| 21 | गयाजी | 531, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 35,00,000.00 | – | – | – | – |
| 22 | मुंगेर | 532, दि0–21.11.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 14,00,000.00 | हो चुका है। | – | – | DSO द्वारा सूचित किया गया है कि 12 दिनों में अधिष्ठापन हो जायेगा। |
| 23 | औरंगाबाद | 533, दि0–21.11.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम हेतु । | 14,00,000.00 | – | – | – | – |
| 24 | मधेपुरा | 534, दि0–21.11.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 28,00,000.00 | – | – | – | – |
| 25 | कैमूर | 538, दि0–21.11.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम हेतु । | 14,00,000.00 | – | – | – | निविदा अविलम्ब किये जाने हेतु जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया। |
| 26 | पूर्वी चम्पारण | 577, दि0–15.12.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम एवं 02 स्थलों पर ओपन जिम, अधिष्ठापन हेतु । | 28,00,000.00 | 20.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | – | – |
| 27 | नालन्दा | 576, दि0–15.12.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 28,00,000.00 | अभी तक निविदा नहीं हुआ है। | – | – | आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| 28 | सहरसा | 578, दि0–15.12.2025 | 03 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 21,00,000.00 | 24.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | – | आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन । |
| 29 | किशनगंज | 574, दि0–15.12.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 14,00,000.00 | 16.01.2026 को टेंडर खुलेगा। | – | – | आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| | | | कुल राशि = | **9,97,94,860.00** | | | | |

## V जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन (वर्ष 2024–25) पर व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र जिलों से प्राप्त कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया जाना है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी जिलों को शेष 40 प्रतिशत राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है।

## VI पंचायत स्तरीय खेल मैदान

(क) पंचायत स्तरीय खेल मैदान हेतु गया जिला से 02 एवं अरवल जिला से 04 पंचायतों का प्रस्ताव अप्राप्त है। इस हेतु जिला पदाधिकारी गया एवं अरवल को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

(ख) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन पंचायत स्तरीय खेल मैदानों का सूची/विवरण प्राप्त किया जाय। जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल विभाग के पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण एवं अनुश्रवण हेतु कार्यक्रम बनाने का निदेश दिया गया।

(ग) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8053 ग्राम पंचायतों में से 4770 ग्राम पंचायतों में 5425 खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमे से 4662 खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण है। शेष 763 पंचायतों में भी खेल मैदान निर्माणाधीन है।

**शेष पंचायतों में भी खेल मैदान का निर्माण कराने हेतु सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, पटना को पत्र भेजे का निदेश सचिव महोदय द्वारा दिया गया।**

## VII प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम

सचिव महोदय द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारियों अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बिहार को मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत जिलों में निर्मित आउटडोर स्टेडियम को कार्यशील बनाने का निदेश दिया गया है। प्रत्येक जिला में कम से कम दो–तीन स्टेडियम को चिन्हित करने का भी निदेश दिया गया। जिसमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा सके।

303

जिन प्रखंडों में भूमि के अभाव में/भूमि कम होने के कारण आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव अप्राप्त है उन जिलों के जिला खेल पदाधिकारी को पूर्व में निर्धारित मानक के अनुसार अथवा आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु संशोधित तीन मानकों के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

जिन प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है किन्तु विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन जिलों के जिला खेल पदाधिकारी को अविलम्ब कार्य करने का निदेश दिया गया।

अच्छी स्थिति में जो स्टेडियम हो जिसमें खेल कार्यक्रम शुरू हो सके, उसकी सूची सभी जिलों से प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

## VIII जिला स्तरीय खेल भवन–सह–व्यायामशाला

13 जिलों में खेल भवन–सह–व्यायामशाला के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वहाँ स्थल निरीक्षण करते हुए अविलम्ब कार्य प्रारंभ करने का निदेश संबंधित जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 को दिया गया।

विभाग के स्तर से पुनः विहित प्रपत्र में सूचना सभी जिला खेल पदाधिकारियों अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बिहार से प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

## IX प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण

भागलपुर में प्रमंडल स्तर पर खेल अवसंरचना के निर्माण हेतु सरकारी भूमि चिन्हित कर खेल विभाग को निःशुल्क हस्तांतरण हेतु संलेख प्रारूप पर माननीया खेल मंत्री के अनुमोदन हेतु संचिका राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा उपलब्ध कराया गया है। उसे अविलम्ब उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

## X अनुपस्थिति

विभागीय कार्यो की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में बिना किसी अधिकृत कारण के अनुपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक शा0 शि0 से

(302)

स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी पदाधिकारियों को यह भी निदेशित किया गया कि भविष्य में होने वाले किसी भी बैठक में अनुपस्थित रहने हेतु जिला पदाधिकारी के माध्यम से सूचना भेजने के उपरांत ही बैठक से अनुपस्थित रहेंगे। अन्यथा कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

**XI समस्या / सुझाव**

सचिव महोदय द्वारा सभी खेल पदाधिकारी / उपाधीक्षक शा0 शि0 को स्थापना संबंधित आवंटित राशि से संबंधित प्रस्ताव ग्रुप में भेजने का निदेश दिया गया है।

सभी अवर सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी उपरोक्त समस्याओं का ससमय निराकरण करेंगे तथा संयुक्त सचिव इसका अनुश्रवण करेंगे। उपरोक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी अवर सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी निश्चित रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

21/1/2026

(महेन्द्र कुमार)
सचिव।

ज्ञापांक–...302...                                                  पटना, दिनांक 22.1 / 2025

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना / संयुक्त सचिव, खेल विभाग / परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना / सहायक निदेशक (क्रीड़ा / युवा / योजना) / अवर सचिव (संबंधित प्रशाखा– 04&05) / संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर / सभी जिला खेल पदाधिकारी / अधीक्षक शा0 शिक्षा / उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/1/2026

सचिव।